भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2861
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की योजना**

**2861 # श्रीमती सुनेत्रा अजीत पवारः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार अमृत काल के दौरान देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की वर्तमान संख्या कितनी है;

(घ) भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए रेल नेटवर्क और अन्य बुनियादी ढांचे में सुधार किए जाने की आवश्यकता है; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रेल नेटवर्क और अन्य बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): अमृत काल के दौरान देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय ने निम्नलिखित पहल की हैं:-

- पर्यटन मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करने के लिए संभावित अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में कई संवर्धनात्मक कार्यकलापों का निष्पादन किया जाता है। इसमें मीडिया अभियान, सोशल मीडिया प्रचार, वेबिनार, संवर्धनात्मक कार्यक्रमों में भागीदारी और समर्थन, वेबसाइट के माध्यम से सूचना का प्रसार और जुड़ाव आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, विदेश स्थित भारतीय मिशन भी देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों में और अधिक वैश्विक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं।
- पर्यटन मंत्रालय ने संशोधित अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल पर अतुल्य भारत कंटेंट हब लॉन्च किया है, जो एक व्यापक डिजिटल भंडार है जिसमें भारत में पर्यटन से

संबंधित उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार-पत्रों का एक समृद्ध संग्रह है। इस संग्रह को टूर ऑपरेटरों, पत्रकारों, छात्रों, शोधकर्ताओं, फिल्म निर्माताओं, लेखकों, प्रभावशाली व्यक्तियों, कन्टेंट निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों और राजदूतों सहित विविध हितधारकों के उपयोग के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

- पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक योजनाओं के तहत देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- इस मंत्रालय ने गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।
- 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई)' के तहत भारत सरकार ने हाल ही में देश में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।
- पर्यटन मंत्रालय मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है।
- मंत्रालय बेहतर मानक वाली सेवा प्रदान करने के लिए श्रमशक्ति को प्रशिक्षित और उन्नत करने हेतु 'सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)' नामक योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।
- देश भर के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में स्थानीय, प्रशिक्षित पेशेवरों की सेवाएं उपलब्ध कराकर पर्यटकों के समग्र अनुभव को बढ़ाने के लिए, मंत्रालय ने अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता (आईआईटीएफ) प्रमाणन कार्यक्रम नामक एक अखिल भारतीय ऑनलाइन शिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की।

भारतीय रेल ने रेल नेटवर्क और अन्य अवसंरचनाओं में सुधार के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं, जिनकी रूपरेखा नीचे दी गई है:

i. रेल अवसंरचना परियोजनाएं चल रही परियोजनाओं की देयताओं, निधियों की समग्र उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मांगों को ध्यान में रखते हुए लाभप्रदता, अंतिम मील तक कनेक्टिविटी, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकीर्ण/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, सामाजिक-आर्थिक कारकों, पर्यटक और सांस्कृतिक स्थलों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने आदि के आधार पर शुरू की जाती हैं। दिनांक 01.04.2024 तक की स्थिति के

अनुसार, भारतीय रेल में 44,488 कि.मी. की कुल लम्बाई वाली लगभग 7.44 लाख करोड़ रु. की 488 रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं (187 नई लाइन, 40 गॉज परिवर्तन और 261 दोहरीकरण) में से 12,045 किलोमीटर के विस्तार को 2.92 लाख करोड़ रुपये के व्यय के साथ चालू किया गया है। भारतीय रेल में रेल अवसंरचनाओं का संवर्धन एक सतत प्रक्रिया है।

ii. रेल मंत्रालय ने हाल ही में भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ सतत आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। इसमें प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार करने हेतु मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन करना शामिल है, जैसे स्टेशन तक पहुंचने के मार्ग में सुधार, परिचलन क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, प्लेटफॉर्म सरफेसिंग तथा प्लेटफार्म पर कवर, स्वच्छता, नि:शुल्क वाई-फाई, 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, विशेष प्रतीक्षालय, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि की व्यवस्था। इस योजना में आवश्यकतानुसार भवन का सुधार, शहर के दोनों ओर से स्टेशन को जोड़ना, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्थायी और पर्यावरण अनुकूल समाधान, बैलेस्ट रहित पटरियों का प्रावधान आदि की भी परिकल्पना की गई है। अभी तक भारतीय रेल के 1337 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चिह्नित किया गया है।

iii. राष्ट्रीय रेल योजना (एनआरपी) के तहत, भारत में लगभग 243 पर्यटन स्थल चिह्नित किए गए थे। इनमें से 111 स्थल पहले से ही मौजूदा रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं, 30 पर्यटन स्थल निकटतम रेलवे स्टेशन से 10 किमी की दूरी पर हैं और 30 स्थान निकटतम रेलवे स्टेशन से 15 किमी की दूरी पर हैं। शेष 72 स्थान मुख्यत: वन्यजीव अभयारण्य, समुद्र तट और पहाड़ी तथा पर्वतीय इलाकों में स्थित क्षेत्र हैं, जहां रेल संपर्क उपलब्ध कराना या तो विचार योग्य नहीं है या मुश्किल है।

इसके अलावा, पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की दृष्टि से, रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय द्वारा 22 रेलवे स्टेशनों पर पर्यटक सुविधाओं के संयुक्त विकास के लिए परियोजनाओं को लागत में भागीदारी के आधार पर मंजूरी दी गई थी।

वर्ष 2023 और 2024 (अगस्त तक) के दौरान देश में माह-वार विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) का विवरण नीचे दिया गया है:-

| | **विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) (लाख में)** | |
|---|---|---|
| **माह** | **2023** | **2024 @** |

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | 8.91 | 9.59 |
| फरवरी | 8.93 | 10.03 |
| मार्च | 8.25 | 8.60 |
| अप्रैल | 6.26 | 6.51 |
| मई | 6.18 | 6.00 |
| जून | 6.68 | 7.06 |
| जुलाई | 7.86 | 7.76 |
| अगस्त | 6.64 | 6.36 |
| सितंबर | 6.67 | - |
| अक्टूबर | 8.32 | - |
| नवंबर | 9.49 | - |
| दिसंबर | 11.02 | - |
| **कुल (जनवरी-अगस्त)** | **59.71** | **61.91** |
| **कुल योग** | **95.21** | - |

@: अनंतिम

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो (बीओआई)

*******